राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान

निफ्ट- दिल्ली परिसर

हिन्दी कार्यशाला की कार्यवृत्त रिपोर्ट

निफ्ट दिल्ली परिसर ने दिनांक 29 अगस्त 2022 को इस तिमाही की हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला के व्याख्याता के रूप में राजभाषा विभाग, गृह-मंत्रालय के उप-निदेशक (कार्यान्वयन), श्री कुमार पाल शर्मा ने "हिन्दी के अनुप्रयोग: राजभाषा के संदर्भ में" विषय पर अपना वक्तव्य दिया।

भाषा की महत्ता और हिन्दी भाषा की पृष्ठभूमि रखते हुए चर्चा आगे बढ़ी। और कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित बिन्दुओं पर बात की गई:

- ज्ञान और विज्ञान का विकास किसी भी भाषा में संभव है, आवश्यकता है तो उस भाषा को स्वीकार करने की।
- शिक्षा पाने का सबसे बेहतरीन माध्यम अपनी ही भाषा है।
- राजभाषा अधिनियम।
- कंठ-कलम-कंप्यूटर के माध्यम से किस प्रकार राजभाषा हिन्दी का प्रयोग किया जा सकता है, इसे वक्ता महोदय ने व्यवस्थित रूप से समझाया।
- सभी सॉफ्टवेयर, फॉर्म, पोर्टल, वेबसाइट इत्यादि द्विभाषी रूप में होने चाहिए। प्रत्येक पोर्टल में भरी जाने वाली जानकारी द्विभाषी रूप में भरी जाए।
- यूनिकोड को एक्टिव करना और उसका सरलतम प्रयोग कैसे किया जा सकता है।
- गूगल वॉइस टाइपिंग के बारे में जानकारी और उसके व्यापक प्रयोग।
- सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक), रजिस्टर, टिप्पणी (नोटिंग) आदि में हिन्दी भाषा को अधिक से अधिक बढ़ावा देना है।

वक्तव्य को समापन की ओर ले जाते हुए, वक्ता महोदय ने कहा कि हम हिन्दी भाषा में रचे-बसे हुए हैं, कार्यालयी प्रयोग में लाने के लिए केवल आवश्यकता है, मनःस्थिति बदलने की। वक्तव्य का संचालन कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, सुश्री रिचा खर्कवाल ने किया और प्रभारी (राजभाषा) श्री अमित कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में कनिष्ठ सहायकों, सहायकों, वरिष्ठ सहायकों, अनुसंधान सहायकों सहित सहायक निदेशकों ने भी भाग लिया।